महाप्रबंधक के नेतृत्व में पश्चिम रेलवे का दल मुंबई मैराथन में शामिल

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री महेश कुमार के नेतृत्व में लगभग 50 वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने रविवार, 15 जनवरी, 2012 को आयोजित स्टैंडर्ड चार्टर्ड मुंबई मैराथन के ड्रीम रन इवेंट में भाग लिया। पश्चिम रेलवे के चार एथलीटों ने इस मैराथन प्रतियोगिता में विजयी होकर संगठन को गौरवान्वित किया है। इन एथलीटों में श्री सोजी मैथ्यूज वरिष्ठ टिकट निरीक्षक, मुंबई सेंट्रल ने पुरुषों की हाफ मैराथन 1 घंटा 5 मिनट एवं 28 सेकण्ड में पूरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कार्यालय अधीक्षक सुश्री लीलम्मा प्रेंक ने महिला वेटरन्स फुल मैराथन 3 घंटे 57 मिनट एवं 55 सेकण्ड में पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। महालक्ष्मी कारखाने की कनिष्ठ लिपिक सुश्री किरण तिवारी ने महिलाओं की फुल मैराथन 2 घंटे 53 मिनट एवं 55 सेकण्ड में पूरी कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सुश्री विजयमाला पाटिल, कनिष्ठ लिपिक, लोअर परेल ने महिलाओं की हाफ मैराथन दौड़ 1 घंटे, 22 मिनट एवं 30 सेकण्ड में पूरी कर द्वितीय स्थान पर रही।

★ स्टैंडर्ड चार्टर्ड मुंबई मैराथन के ड्रीम रन इवेंट के अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री महेश कुमार के अलावा मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री के. के. अटल, मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री सुनील गोयल, मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री एस. के. कुलश्रेष्ठ, मंडल रेल प्रबंधक श्री गिरीश पिल्लई एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी दिखाई दे रहे हैं।

★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री महेश कुमार 34वीं ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट के अवसर पर कबूतर उड़ाकर स्पोर्ट्स मीट तथा झंडी दिखाकर 'रन फॉर फन' दौड़ का उद्घाटन करते हुए।

पश्चिम रेलवे की 34वीं ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट सम्पन्न

पश्चिम रेलवे की 34वीं ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट 10 से 12 फरवरी, 2012 तक मुंबई में सम्पन्न हुई। इसमें प्रधान कार्यालय तथा मुंबई सेंट्रल, वडोदरा, अहमदाबाद, भावनगर, राजकोट एवं रतलाम मंडलों के लगभग 275 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। 12 फरवरी, 2012 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री महेश कुमार मुख्य अतिथि थे, जबकि 10 फरवरी, 2012 को इस आयोजन का उद्घाटन पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री दीपक गुप्ता द्वारा किया गया। इसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस, स्क्वैश, कैरम, शतरंज, तैराकी एवं सॉफ्ट बॉल क्रिकेट की प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित की गईं। इस चैम्पियनशिप में समग्र रूप से प्रधान कार्यालय एवं वडोदरा मंडल को संयुक्त विजेता घोषित किया, जबकि रतलाम मंडल को रनरअप ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया।

★ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री महेश कुमार 34वीं ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत टेबल टेनिस प्रतियोगिता में हाथ आजमाते हुए तथा विभिन्न विजेताओं को पुरस्कार वितरण के दृश्य।